फ़ास्ट ट्रैक के लिए प्रारूप प्रक्रिया

टिप्पणी के लिए प्रकाशित

टिप्पणियों की अंतिम दिनांक: 25 अप्रैल

कृपया ध्यान दें: यह पहला चर्चा प्रारूप है और इसे टिप्पणी और सुझाव के लिए प्रकाशित किया गया है. यह दस्तावेज़ IDNC कार्य समूह द्वारा साइन ऑफ़ नहीं किया गया है जो अपनी टिप्पणियाँ और सुझाव देना जारी रखेगा.

अनुवादों के लिए नोट

इस दस्तावेज़ का मूल संस्करण अंग्रेज़ी पाठ है, जो प्रकाशन के पश्चात < > पर उपलब्ध होगा. मूल पाठ की सामग्री पर अनुबंध प्राप्त करने की प्रक्रिया अंग्रेज़ी में की गई थी. जब इस दस्तावेज़ के किसी गैर-अंग्रेज़ी संस्करण और मूल पाठ के बीच अर्थ में कोई भिन्नता हो या समझी गई हो, मूल मान्य होगा.

**1.** परिचय

फ़ास्ट ट्रैक का उद्देश्य निकट अवधि माँग की पूर्ति के लिए अविवादास्पद IDN ccTLD की सीमित संख्या प्रस्तुत करना है. IDNC WG का लक्ष्य किसी फ़ास्ट ट्रैक मॉडल की सिफ़ारिश करना है जिसमें IDN ccTLD स्ट्रिंग के चयन के लिए कोई प्रक्रिया हो, और किसी IDN ccTLD प्रबंधक को नामित करने की कोई प्रक्रिया हो.

मॉडल को स्थायित्व और सुरक्षा की बढ़ती हुई आवश्यकताओं; IDNA प्रोटोकॉल्स और IDN दिशानिर्देश; IDN को लागू करने के लिए तकनीकी समुदाय के सुझाव; और ccTLD प्रदान करने के लिए वर्तमान कार्यप्रणालियों को ध्यान में रखना चाहिए.

प्रारूप की आरंभिक रिपोर्ट पर टिप्पणी के लिए, उन विषयों के बारे में बात करने के लिए, जिन्हें कवर किए जाने की आवश्यकता है, IDNC WG प्रकाशित किया गया है.

प्रारूप की आरंभिक रिपोर्ट में उठाए गए प्रश्नों में उन क्षेत्रों, जिनको किसी प्रस्तावित प्रक्रिया में कवर की जाने की आवश्यकता होगी, के बारे में बात की गई थी, पर सर्वसम्मति दिखाई देती है. प्रारूप की आरंभिक रिपोर्ट में उठाए गये कुछ प्रश्नों के संभावित उत्तर देने वाली टिप्पणियाँ और सुझाव भी प्राप्त किए गए थे.

प्रारूप की आरंभिक रिपोर्ट पर मौलिक सुझावों के बारे में हमारी समझ के आधार पर हम सोचते हैं कि निम्न बिंदुओं पर कुछ हद तक सर्वसम्मति है:

अ**:** सतत चलने वाली प्रक्रिया

फ़ास्ट ट्रैक एक सतत चलने वाली वाली प्रक्रिया होनी चाहिए, जो ICANN बोर्ड द्वारा संपूर्ण IDN ccTLD नीति अंगीकृत किए जाने से पहले समाप्त होती हो. इस प्रकार तैयार होने पर कोई IDN ccTLD प्रबंधक फ़ास्ट ट्रैक में प्रवेश कर सकता है. सही अवसर के लिए कोई नियत अंतिम दिनांक नहीं होता.

आ**:** संपूर्ण नीति का पूर्व-निर्धारण न करना

फ़ास्ट ट्रैक अंतिम IDN ccTLD नीति का पूर्व-निर्धारण करने वाला नहीं होना चाहिए, अतः इसे एक सरल, स्पष्ट और सीमित समाधान होना चाहिए.

इ**:** अत्यधिक माँग की पूर्ति करना फ़ास्ट ट्रैक का उद्देश्य है

फ़ास्ट ट्रैक केवल उसी अधिकार क्षेत्र में उपलब्ध होना चाहिए, जहाँ अत्यधिक माँग है. फ़ास्ट ट्रैक के अंतर्गत IDN ccTLD के परिचय के लिए आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अधिकार क्षेत्र में IDN ccTLD प्रबंधक की तैयारी और योग्य स्टेकहोल्डर्स की आसानी से उपलब्धता इस माँग के अस्तित्व का प्रमाण है. IDN ccTLD के उपयोग और तैयारी प्रदर्शित करने के लिए अधिकार क्षेत्र को तैयार रहने की आवश्यकता है.

ई**:** केवल गैर-लैटिन लिपियों के लिए फ़ास्ट ट्रैक

IDN के लिए निकट अवधि माँग की पूर्ति और ccPDP परिणाम के पूर्व-निर्धारण से बचने हेतु जब फ़ास्ट ट्रैक प्रारंभ किया गया हो, तब लिपि गैर-लैटिन लिपि होनी चाहिए.

उ**:** प्रस्तावित स्ट्रिंग और प्रदान करने का अनुरोध**,** अधिकार-क्षेत्र के अंतर्गत अविवादास्पद होना चाहिए

दोनों प्रक्रियाओं में केवल किसी IDN ccTLD के लिए अविवादास्पद स्ट्रिंग प्रदान करने और अविवादास्पद IDN ccTLD प्रबंधक की नियुक्ति की अनुमति होनी चाहिए.

ऊ**:** फ़ास्ट ट्रैक प्रायोगिक स्वभाव का है
IDN ccTLD का परिचय प्रायोगिक स्वभाव का है और प्रक्रियाओं तथा फ़ास्ट ट्रैक प्रक्रम की योजना बनाते समय इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए.

ए**:** फ़ास्ट ट्रैक के अंतर्गत संख्या निर्धारण का मानदंड
IDN ccTLD स्ट्रिंग के चयन और IDN ccTLD प्रबंधक की नियुक्ति के मानदंड में उचित IDN ccTLD की संख्या का निर्धारण होना चाहिए, स्वेच्छिक रूप से सेट की गई संख्या का नहीं.

अनुभाग 2 में एक मॉडल प्रस्तावित किया गया है, जो उपरोक्त बिंदुओं और मार्गदर्शन के सिद्धांतों के उपयुक्त प्रतीत होता है. यह मॉडल चार अवस्था वाले प्रयास पर आधारित है, जिसमें शामिल कार्यकर्ताओं के क्रियाकलापों, भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को मिलाया और पालन किया जाता है. स्वतः-मूल्यांकन और IDN ccTLD के अंतर्गत फ़ास्ट ट्रैक प्रक्रिया प्रदान करना उचित है या नहीं इसका निर्धारण करने हेतु अधिकार-क्षेत्र में योग्य कार्यकर्ता बनाने के लिए और उन्हें प्रदान करने के अनुरोध के योग्य बनाने के लिए मॉडल की योजना बनाई गई है. अनुभाग 3 में परिभाषाओं और अनुभाग 4 में प्रस्तावित परीक्षण अवस्था (अवस्था 3) पर नोट्स हैं.

## **2.** प्रस्तावित फ़ास्ट ट्रैक मॉडल

अवस्था 1: अधिकार-क्षेत्र में फ़ास्ट ट्रैक के लिए तैयारी करना
शामिल स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा अधिकार-क्षेत्र में प्रक्रिया का यह भाग संपादित किया जाएगा.

1. भाषा और भाषा के लिए लिपि पहचानना
    - मानदंड: 'आधिकारिक' भाषा होनी चाहिए (अनुभाग 3 देखें)
    - मानदंड: फ़ास्ट ट्रैक केवल गैर-लैटिन लिपियों के लिए है

2. भाषा तालिका बनाना

- समान भाषा/लिपि का उपयोग कर किसी अन्य अधिकार-क्षेत्र द्वारा बनाई गई, पहले से मौजूद हो सकती है.
- IDN दिशानिर्देशों के अनुसार फ़ास्ट ट्रैक में सहयोग को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए

3. स्ट्रिंग को पहचानना
   - तकनीकी और अर्थपूर्ण आवश्यकताओं के उपयुक्त होनी चाहिए

4. अभीष्ट IDN ccTLD रजिस्ट्री का चयन करना

5. प्रस्तावित स्ट्रिंग और IDN ccTLD रजिस्ट्री के अधिकार-क्षेत्र में कार्यकर्ताओं द्वारा प्रमाणित अनुमोदन प्राप्त करना
   - सरकार, स्थानीय इंटरनेट समुदाय, मौजूदा ccTLD प्रबंधक

अवस्था **2:** मूल्यांकन

1. भाषा तालिका को IANA संग्रह में रखें

2. 'तकनीकी समिति' और 'भाषा समिति' द्वारा स्ट्रिंग की जाँच/मूल्यांकन किया गया हो (अनुभाग 3 देखें).

अवस्था **3:** रिपोर्टिंग

1. IDN के प्रबंधन, जिसमें द्वितीय या उच्च स्तर पर प्रस्तावित भाषा तालिका का उपयोग और IDN दिशानिर्देशों का कार्यान्वयन तथा IDNA प्रोटोकॉल का अनुपालन शामिल हो, का दस्तावेज़ अनुभव.

2. प्रदान करने वाले दस्तावेज़ीकरण के लिए संपूर्ण IANA अनुरोध.

अवस्था 4: **IDN ccTLD** की नियुक्ति

प्रदान करने के लिए अनुरोध
- वर्तमान IANA कार्यप्रणालियों के अनुसार

**3.** परिभाषाएँ

आधिकारिक भाषा:

फ़ास्ट ट्रैक के उद्देश्य के लिए, कोई 'आधिकारिक' भाषा वह है जिसका अधिकार-क्षेत्र में कानूनी दर्जा हो या वह प्रशासन की भाषा के रूप में काम आती हो.

यह परिभाषा इस पर आधारित है: "Glossary of Terms for the Standardization of Geographical Names", United Nations Group of Experts on Geographic Names, संयुक्त राज्य, न्यूयॉर्क, 2002.

फ़ास्ट ट्रैक के उद्देश्य के लिए कोई भाषा आधिकारिक भाषा के रूप में बताई जा सकती है:

a. यदि Technical Reference Manual for the standardisation of Geographical Names, United Nations Group of Experts on Geographical Names (UNGEGN) < http://unstats.un.org/unsd/geoinfo/default.htm> के भाग 3 में ISO 639 भाषा के रूप में कोई भाषा सूचीबद्ध हो;
b. यदि स्तंभ 9 या 10 के अंतर्गत ISO 3166-1 मानक में उचित अधिकार-क्षेत्र के लिए प्रशासनिक भाषा के रूप में सूचीबद्ध हो; या
c. यह प्रदर्शित/प्रमाणित किया गया है कि अधिकार-क्षेत्र में योग्य लोक प्राधिकारी के आधिकारिक संदेशों में इस भाषा का उपयोग किया गया है और यह प्रशासन की भाषा के रूप में काम आती है.

अर्थपूर्ण स्ट्रिंग:

फ़ास्ट ट्रैक प्रक्रिया के उद्देश्य के लिए कोई स्ट्रिंग अर्थपूर्ण होगी, यदि वह हो:

a) चयनित भाषा में अधिकार-क्षेत्र का नाम; या
b) चयनित भाषा में अधिकार-क्षेत्र के नाम का कोई भाग जो उस भाषा में अधिकार-क्षेत्र के बारे में बताता हो; या
c) चयनित भाषा में अधिकार-क्षेत्र के नाम का कोई संक्षिप्त रूप जो उस भाषा में अधिकार-क्षेत्र के बारे में बताता हो.

यदि प्रस्तावित स्ट्रिंग Technical Reference Manual for the standardisation of Geographical Names, UNGEGN के भाग 3, स्तंभ 3 या 4 की तरह सूचीबद्ध दिखाई गई हो, तो इसे फास्ट ट्रैक के उद्देश्य के लिए अर्थपूर्ण माना जाएगा. अन्य मामलों में इसे किसी दूसरे तरीके से प्रदर्शित किया जाना होगा.

भाषा समिति:
एक छोटी समिति जो यह प्रमाणित करने के लिए नियुक्त की गई हो कि प्रस्तावित स्ट्रिंग उस भाषा में है, जो अधिकार-क्षेत्र में 'आधिकारिक' है और परिभाषा के अनुसार अर्थपूर्ण है.

तकनीकी समिति**:**
एक छोटी समिति जो IDNA दिशानिर्देशों के लिए प्रस्तावित स्ट्रिंग की जाँच करने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए नियुक्त की गई हो कि यह कोई तकनीकी समस्या उत्पन्न नहीं करेगी (उदाहरण के लिए Cyrillic में कोई स्ट्रिंग बिलकुल ASCII वर्णों की तरह दिखाई देती है).

**4.** रिपोर्टिंग अनुभव अवस्था

रिपोर्टिंग के उद्देश्य हैं:

क) अभीष्ट IDN ccTLD प्रबंधक IDN के साथ अपने अनुभव दस्तावेज़ीकृत करता है;

ख) अधिकार-क्षेत्र में स्टेकहोल्डर्स को IDN के संभावित परिचय के बारे में तैयार और सूचित किया गया है और उनके पास IDN ccTLD के लिए चयनित भाषा, स्क्रिप्ट और स्ट्रिंग के समर्थन और अनुमोदन के बारे में बताने के लिए अवसर है;

ग) भाषा तालिका के परीक्षण और अभीष्ट IDN ccTLD प्रबंधक के लिए IDNA प्रोटोकॉल्स और दिशानिर्देशों के साथ निरूपण और प्रमाण का अनुपालन करने तथा सुरक्षा व स्थायित्व के लिए अवसर हैं;

अभीष्ट रिपोर्ट में कम-से-कम निम्न समाहित होंगें:

(i) IDNA प्रोटोकॉल्स और दिशानिर्देशों का अनुपालन और इसे परीक्षण प्रावस्था में किस प्रकार प्रदर्शित किया गया था;
(ii) अभीष्ट भाषा/लिपि तालिका के उपयोग से संबंधित समस्याएँ तथा सामुदायिक उपयोग और कोई संभावित सीमाएँ;
(iii) संभावित अंतर-TLD पंजीकरण विवाद और अभीष्ट समाधान प्रक्रिया, यदि कोई हो, (उदाहरण के लिए सनराइज़, विवाद समाधान विधियाँ) का वर्णन;
(iv) उपयोग के आँकडे;
(v) निकट अवधि माँग प्रदर्शित करने वाले स्थानीय इंटरनेट समुदाय, योग्य लोक अधिकारी और ccTLD प्रबंधक की परीक्षण में सहभागिता. (उदाहरण के लिए उपयोगकर्ता आँकड़ें, जन परामर्श और जानकारी सत्र आदि उपलब्ध करवा कर.)

5. अनुसूची

| आरंभिक, अंतरिम और अंतिम रिपोर्ट अनुसूची | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आरंभिक रिपोर्ट | | | | | |
| | क्या | कौन | टिप्पणी | प्रारंभ दिनांक | समाप्ति दिनांक |
| 1 | प्रथम प्रारूप की आरंभिक रिपोर्ट | अध्यक्ष व कर्मचारी | इसमें IDNC WG पर टिप्पणियाँ शामिल हैं | | 16 जनवरी 2008 |
| 2 | टिप्पणी प्रथम प्रारूप | **IDNC WG** | वर्तमान प्रावस्था | **16** जनवरी **2008** | **28** जनवरी **2008** |
| 3 | टिप्पणी रिपोर्ट समेकित करना | अध्यक्ष व कर्मचारी | चरण 3 और 4 समानांतर चलते हैं. | 28 जनवरी 2008 | 1 फरवरी 2008 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | संशोधित प्रारूप की आरंभिक रिपोर्ट | अध्यक्ष व कर्मचारी | IDNC WG द्वारा प्रथम प्रारूप की आरंभिक रिपोर्ट पर की गई टिप्पणियाँ दिखाना | 28 जनवरी 2008 | 1 फरवरी 2008 |
| 5 | प्रकाशन + जन टिप्पणी आरंभिक रिपोर्ट | IDNC WG + समुदाय | इसमें ICANN नई दिल्ली में हुई कार्यशालाएँ, निर्वाचन-क्षेत्र चर्चाएँ शामिल हैं | 4 फरवरी 2008 | 26 फरवरी 2008 |
| 6 | टिप्पणी संशोधित प्रारूप आरंभिक रिपोर्ट समेकन | अध्यक्ष व कर्मचारी | चरण 6 और 7 समानांतर चलते हैं. | 27 फरवरी 2008 | 29 फरवरी 2008 |
| 7 | अंतिम आरंभिक रिपोर्ट प्रारूप | अध्यक्ष व कर्मचारी | IDNC WG और समुदाय द्वारा संशोधित प्रारूप आरंभिक रिपोर्ट पर टिप्पणियाँ दिखाना | 27 फरवरी 2008 | 29 फरवरी 2008 |
| 8 | आरंभिक रिपोर्ट अनुमोदन | IDNC WG | विसम्मत मत, यदि कोई हों, IDNC WG सदस्यों को सूचित किए जाएँगे | 29 फरवरी 2008 | 7 मार्च 2008 |
| 9 | अंतिम आरंभिक रिपोर्ट प्रकाशन | IDNC WG अध्यक्षगण | | 8 मार्च 2008 | |
| अंतरिम रिपोर्ट | | | | | |
| 10 | प्रथम प्रारूप की अंतरिम रिपोर्ट | अध्यक्ष व कर्मचारी | चरण 6 और 7 के साथ समानांतर चलता है. प्रारंभिक रिपोर्ट की प्रणालियों के दायरे पर आधारित | | 29 फरवरी 2008 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | प्रथम प्रारूप की अंतरिम रिपोर्ट टिप्पणी | IDNC WG | IDNC WG टिप्पणियों की अवधि. | 29 फरवरी 2008 | 20 मार्च 2008 |
| 12 | प्रथम प्रारूप की अंतरिम रिपोर्ट टिप्पणी का समेकन | अध्यक्ष व कर्मचारी | चरण 12 और 13 समानांतर चलते हैं. | 21 मार्च 2008 | 27 मार्च 2008 |
| 13 | संशोधित प्रारूप की अंतरिम रिपोर्ट | अध्यक्ष व कर्मचारी | | 21 मार्च 2008 | 27 मार्च 2008 |
| 14 | प्रकाशन + जन टिप्पणी अंतरिम रिपोर्ट | IDNC WG + समुदाय | इसमें दुबई में विशिष्ट ICANN मीटिंग शामिल है. परिणाम पर चर्चा को इनपुट माना जाएगा. | 28 मार्च 2008 | 25 अप्रैल 2008 |
| 15 | टिप्पणी संशोधित प्रारूप समेकन | अध्यक्ष व कर्मचारी | चरण 15 और 16 समानांतर चलते हैं. | 28 अप्रैल 2008 | 7 मई 2008 |
| 16 | अंतिम अंतरिम रिपोर्ट का प्रारूप | अध्यक्ष व कर्मचारी | IDNC WG और समुदाय द्वारा संशोधित प्रारूप आरंभिक रिपोर्ट पर टिप्पणियाँ दिखाता है | 28 अप्रैल 2008 | 7 मई 2008 |
| 17 | अंतरिम रिपोर्ट अनुमोदन | IDNC WG | विसम्मत मत, यदि कोई हों, IDNC WG सदस्यों को सूचित किए जाएँगे | 7 मई 2008 | 14 मई 2008 |
| 18 | अंतरिम रिपोर्ट प्रकाशन | IDNC WG अध्यक्षगण | | | 16 मई 2008 |
| अंतिम रिपोर्ट (**IDNC WG** सिफ़ारिशें) | | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 19 | प्रारूप सिफ़ारिश IDNC WG (अंतिम रिपोर्ट) | अध्यक्ष व कर्मचारी | अंतिम परिणाम अंतरिम रिपोर्ट, अंतिम रिपोर्ट में दिखाई जानी चाहिए. | | 14 मई 2008 |
| 20 | प्रारूप अंतिम रिपोर्ट पर टिप्पणी | IDNC WG | IDNC WG टिप्पणियों की अवधि | 14 मई 2008 | 28 मई 2008 |
| 21 | अंतिम रिपोर्ट प्रारूप टिप्पणियों का समेकन | अध्यक्ष व कर्मचारी | चरण 20 और 21 समानांतर चलते हैं. | 28 मई 2008 | 4 जून 2008 |
| 22 | अंतिम रिपोर्ट पुन:प्रारूपण | अध्यक्ष व कर्मचारी | IDNC WG द्वारा प्रारूप की अंतिम रिपोर्ट पर टिप्पणियाँ दिखाना | 28 मई 2008 | 4 जून 2008 |
| 23 | अनुमोदन सिफ़ारिशें | IDNC WG | विसम्मत मत, यदि कोई हों, IDNC WG सदस्यों को सूचित किए जाएँगे | 4 जून 2008 | 11 जून 2008 |
| 24 | रिपोर्ट पर IDNC WG के दृष्टिकोण दर्ज करना | अध्यक्ष व कर्मचारी | दृष्टिकोण दर्ज करें | | 12 जून 2008 |
| 25 | अंतिम रिपोर्ट प्रकाशन | IDNC WG अध्यक्षगण | पेरिस ICANN मीटिंग के लिए अध्यक्षगण अंतिम रिपोर्ट समय पर प्रकाशित करेंगे | 13 जून 2008 | |
| 26 | अंतिम रिपोर्ट समर्थन | ALAC, ccNSO, GAC, और GNSO (रूपरेखा देखें) | योग्य स्टेकहोल्डर्स द्वारा अंतिम रिपोर्ट पर चर्चा और समर्थन की अभिव्यक्तियाँ. IDNC WG के समर्थन बारे में IDNC WG अध्यक्षगणों को GAC | 22 जून 2008 | 25 जून 2008 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | और ccNSO के अध्यक्ष सूचित करेंगे (आवश्यकता रूपरेखा में है) | | |
| 27 | IDNC WG सिफ़ारिश में योग्य स्टेकहोल्डरर्स के दृष्टिकोण शामिल करना | अध्यक्ष + कर्मचारी | रूपरेखा के अंतर्गत आवश्यकता | 25 जून 2008 | 26 जून 2008 |
| 28 | बोर्ड प्रस्तुतिकरण अंतिम रिपोर्ट | IDNC WG अध्यक्षगण | IDNC WG के अध्यक्षगण द्वारा बोर्ड को IDNC WG सिफ़ारिश के प्रस्तुतिकरण की उद्घोषणा करेंगे + बोर्ड को प्रस्तुतिकरण. | 26 जून 2008 | |